**भारतीय जनता पार्टी**
**(केंद्रीय कार्यालय)**
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

21 अप्रैल 2026, मंगलवार

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के कुर्सियांग, कुल्टी, सालबोनी और चंडीपुर में आयोजित जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

***************

**मोदी जी महिलाओं को 33% आरक्षण देने का बिल लेकर आए, ममता दीदी ने उसे गिराने का काम किया**

**ममता दीदी, बंगाल की जनता की ओर से आपको 'बाय-बाय'**

**ममता सरकार अपनी किताबों में आज़ादी के नायक खुदीराम बोस जी को आतंकवादी बताती है**

**TMC-कम्युनिस्ट की सरकारों ने गोरखा बहनों-भाइयों को झूठे केसों में फँसाया, भाजपा सरकार बनते ही 31 जुलाई से पहले सारे झूठे केस वापस लिए जाएँगे**

**बंगाल में भाजपा सरकार हर वर्ष 1 लाख युवाओं को नौकरी देगी**

**23 तारीख की सुबह भाजपा के लिए ऐसा जनसैलाब उमड़ेगा कि 11 बजते-बजते TMC वाले नौ-दो ग्यारह हो जाएँगे**

**बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर और हिंद महासागर तक, घुसपैठिए कहीं नहीं बचेंगे**

**ममता के गुंडे 23 तारीख को घर पर ही रहें, वरना 4 मई को भाजपा सरकार आने पर पाताल से ढूँढकर भी सजा दी जाएगी**

**तुष्टीकरण में अंधी ममता सरकार ने मदरसों और मुसलमानों को ₹5800 करोड़ दिए, जबकि उत्तर बंगाल, आदिवासियों और पहाड़ के लिए मात्र ₹2000 करोड़ दिए**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी, कुल्टी, सालबोनी और चंडीपुर में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और तृणमूल कांग्रेस की सरकार में पश्चिम बंगाल में व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा तथा घुसपैठ को

लेकर ममता बनर्जी की जमकर आलोचना की और प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने के आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर लोकसभा सांसद श्री राजू बिस्ता, गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष श्री बिमल गुरुंग, जीएनएलएफ के अध्यक्ष श्री घीसिंग, कुर्सियांग से प्रत्याशी श्री सोनम लामा, कालिम्पोंग से प्रत्याशी श्री भरत छेत्री, दार्जिलिंग से प्रत्याशी श्री नोमन राय, कुल्टी से प्रत्याशी श्री अजय कुमार पोद्दार, सालबोनी से प्रत्याशी श्री बिमान महतो और चांदीपुर से प्रत्याशी श्री पीयूष कांति दास सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने कहा कि पूरे बंगाल में घूमते-घूमते आज मैं दार्जिलिंग पहुंचा हूं। इस बार बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं पर जुल्म ढाने वाली ममता बनर्जी के सत्ता से जाने का समय हो गया है। बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही 6 माह में हर गोरखा के चेहरे पर संतोष वाली खुशी हो, ऐसा समाधान निकाला जाएगा। कांग्रेस और टीएमसी ने दार्जिलिंग के साथ भी अन्याय किया है और देशभक्त गोरखा भाइयों के साथ भी अन्याय किया है। आज मैं वादा करके जा रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही 6 माह के अंदर दशकों पुरानी गोरखा समस्या का समाधान गोरखाओं के हिसाब से किया जाएगा। यह कुर्सियांग की भूमि ब्लास्ट फर्नेस की भूमि थी, जहां से पूरे भारत और दुनिया भर में लोहा भेजा जाता था। ममता बनर्जी के कुशासन ने कुल्टी की इन फर्नेसों को बंद करने का काम किया है। इस आयरन सिटी को फिर से आयरन सिटी बनाने का काम किया जाएगा। अवैध माइनिंग बंद कराई जाएगी। स्पंज आयरन की भट्टियों ने जो हवा में जहर घोला है, उसे बंद किया जाएगा और यहां पर रोजगार देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। कुछ लोग चार शादी करते हैं और कुछ लोग एक ही शादी करते हैं। भाजपा सरकार बनने पर बंगाल में कोई चार शादी नहीं कर पाएगा और चार शादी पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। यहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हम गोरखाओं को भी समझते हैं और उनकी समस्या को भी समझते हैं और इसीलिए भाजपा के अतिरिक्त कोई गोरखा समस्या का समाधान नहीं कर सकता। यह चुनाव पूरे बंगाल को टीएमसी के जुल्म से मुक्त करने का चुनाव है और एक प्रकार से उत्तरबंग और दार्जिलिंग को वर्षों से हो रहे अन्याय से मुक्ति दिलाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि TMC-कम्युनिस्ट की सरकारों ने गोरखा बहनों-भाइयों को झूठे केसों में फँसाया है। भाजपा सरकार बनते ही 31 जुलाई से पहले सारे झूठे केस वापस लिए जाएँगे। दार्जिलिंग और उत्तरबंग के साथ जो अन्याय हो रहा है, उसका पूरा हिसाब भारतीय जनता पार्टी करेगी। यह चुनाव केवल भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने का नहीं है, बल्कि दार्जिलिंग की पहाड़ियों से लेकर गंगा सागर तक और गंगा सागर से लेकर बंगाल की राजधानी कोलकाता तक माताओं-बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का चुनाव है। ममता बनर्जी के राज में माताओं-बहनों पर अत्याचार हुआ, संदेशखाली की घटना ने पूरे बंगाल को शर्मसार किया

है। माटीगाड़ा की निर्दोष बालिका का मामला हो, बागडोगरा के पास चाय बागान में आदिवासी महिला के साथ उत्पीड़न का मामला हो, दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज, साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज और आरजी कर मेडिकल कॉलेज के बलात्कार के मामले हों, हर बलात्कारी को चुन-चुन कर जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। ममता बनर्जी कहती हैं कि महिलाएं रात को 7 बजे के बाद बाहर न निकलें। ममता बनर्जी स्वयं महिला हैं और उन्हें ऐसी बात कहने पर शर्म आनी चाहिए। बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद, आधी रात को भी महिलाओं पर कोई आंख ऊंची करके नहीं देख पाएगा। ममता बनर्जी के राज में सारी बहनें असुरक्षा का जीवन जी रही हैं और उन्हें सुरक्षा देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी।

श्री शाह ने कहा कि बंगाल में जनजाति विकास, आदिवासियों, पहाड़ और उत्तरबंग के लिए ममता बनर्जी सरकार का कुल बजट केवल ₹2000 करोड़ है। दूसरी ओर मुसलमानों और मदरसों के लिए ममता सरकार का बजट ₹5,800 करोड़ है। एक ओर पूरा पहाड़, सभी गोरखा, सभी ट्राइबल और पूरा उत्तरबंग के लिए ₹2,000 करोड़ हैं, जबकि मुसलमानों के लिए ₹5,800 करोड़ हैं। यह अन्याय अब ज्यादा समय तक चलने वाला नहीं है। गोरखाओं का एक महान इतिहास रहा है, मगर ममता बनर्जी ने गोरखाओं के इतिहास को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। पहले सीपीएम, कांग्रेस और अब ममता बनर्जी, लेकिन अब समय आ गया है कि गोरखाओं के साथ हो रहे अन्याय का अंत किया जाए। चाहे हेलेन लेपचा हों, जंगबीर साप्कोटा हों या संविधान सभा के सदस्य गोरखा महानुभाव अली बहादुर गुरुंग जी और डम्बर सिंह जी हों, इन सभी को न्याय नहीं मिला है। आज दार्जिलिंग को सुभाष घीसिंग के साथ हुए अन्याय का हिसाब कांग्रेस, कम्युनिस्ट और ममता तीनों से करना है। इन लोगों ने पहाड़ियों को खून से रंगने का काम किया है, मगर भाजपा सरकार बनते ही इन सभी अन्याय का अंत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किया जाएगा। गोरखा समस्या के समाधान के लिए मैंने गृह मंत्री बनने के बाद 6 साल में तीन बार बैठकें बुलाई, मगर एक बार भी ममता बनर्जी का प्रतिनिधि नहीं आया। ममता बनर्जी दिल्ली नहीं आती हैं, इसलिए हमने एक इंटरलोक्यूटर नियुक्त कर उसे यहाँ भेजने का काम किया है। इंटरलोक्यूटर सभी गोरखा संगठनों और बंगाल सरकार के अधिकारियों से मिलता है और एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है तथा भाजपा की सरकार बनते ही गोरखाओं के मन के अनुसार समाधान किया जाएगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा ने चाय उद्योग के लिए अनेक कार्य किए हैं और पूरी योजना तैयार की है। चाय बागानों को बेचा नहीं जाने दिया जाएगा और उन्हें पुनः पल्लवित करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। हम बंगाल से बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकालेंगे। एसआईआर की प्रक्रिया में ममता बनर्जी और उनके अधिकारी ने कुछ गोरखाओं के नाम भी काटे हैं, लेकिन ये सीटें भाजपा की ही आने वाली हैं

और चुनाव समाप्त होते ही प्रत्येक गोरखा का नाम वापस मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन का विकास हो रहा है और सिलीगुड़ी से लेकर वाराणसी तक बुलेट ट्रेन के माध्यम से गोरखा भाइयों को काशी विश्वनाथ तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। 717ए हाईवे, जो डुआर्स से बागराकोट और कलिम्पोंग से सिक्किम को जोड़ता है, उसे बनाने का काम मोदी सरकार कर रही है तथा दार्जिलिंग के लिए एक वैकल्पिक हाईवे भी बनाया जा रहा है। बागडोगरा एयरपोर्ट को ₹3,000 करोड़ की लागत से नया बनाया जा रहा है और दिसंबर 2027 से पहले इसे भारत के टॉप एयरपोर्ट में से एक बनाने का लक्ष्य है। कुर्सियांग ईस्टर्न फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज को आईआईएफएम देकर पूरे भारत का फॉरेस्ट रिसर्च सेंटर बनाया जाएगा और यहां फॉरेस्ट से जुड़े एमबीए कोर्स भी उपलब्ध कराए जाएंगे। अभी-अभी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 33% आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में दे रहे थे, जिसका बिल गिराने का काम ममता बनर्जी और टीएमसी ने किया है। इनको देश की सुरक्षा का कोई संज्ञान नहीं है और इन्हें घुसपैठिये ही दिखाई पड़ते हैं। ममता बनर्जी ने बंगाल के आलू को झारखण्ड और ओडिशा में जाते हुए बंद किया है, जिससे आलू की खेती करने वाले सारे किसान तबाह हो गए। 5 तारीख के बाद बंगाल के किसानों का आलू झारखण्ड और ओडिशा जाएगा और उन्हें पूरा दाम मिलेगा। आलू के किसानों के लिए हर मंडल में कोल्ड स्टोरेज बनाने का काम भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि दार्जिलिंग से लेकर सुंदरबन तक एक नया राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया जाएगा। उत्तरबंग में एम्स की आवश्यकता और भाजपा सरकार बनते ही उत्तर बंगाल में एक अलग एम्स स्थापित किया जाएगा। उत्तर बंगाल में 500 बेड का समर्पित कैंसर अस्पताल बनाया जाएगा। इसके साथ ही उत्तर बंगाल में आईआईटी और आईआईएम स्थापित करने तथा गोरखा युवाओं के लिए एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाने का काम किया जाएगा। एक ट्राइबल यूनिवर्सिटी भी बनाई जाएगी और दार्जिलिंग को प्रमुख ईको-एडवेंचर और हेरिटेज टूरिज्म का एक बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। उत्तरबंग से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा। उत्तर बंगाल में चार नए इंडस्ट्रियल टाउन बनाए जाएंगे और सभी सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन के भीतर 7वें वेतन आयोग का लाभ दिया जाएगा। पहाड़ सहित पूरे बंगाल की माताओं-बहनों के बैंक खातों में हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच ₹3,000 जमा कराए जाएंगे। बेरोजगार युवाओं को ₹3,000 प्रतिमाह दिए जाएंगे। चाय बागानों के भीतर स्कूल बनाए जाएंगे, श्रमिकों को उनकी भूमि का स्वामित्व और घर का पट्टा दिया जाएगा, तथा चाय बागान के मजदूरी मूल्य को 2 वर्षों में ₹500 से अधिक किया जाएगा। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा और 5 तारीख से महिलाओं को बस में टिकट लेने की आवश्यकता नहीं होगी, उनका यात्रा निःशुल्क किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत ₹5 लाख तक का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को हर महीने ₹2,000 दिए जाएंगे और जूट मिलों को पुनर्जीवित करने का काम भी भारतीय जनता पार्टी करेगी। प्रत्येक गर्भवती माता को अपने बच्चे की देखभाल के

लिए ₹21,000 देने का कार्य किया जाएगा। बंगाल उद्यम क्रेडिट कार्ड के माध्यम से युवाओं को व्यवसाय के लिए ₹10 लाख तक की सहायता भारतीय जनता पार्टी देगी। किसानों के लिए धान की एमएसपी ₹3,100 प्रति क्विंटल की जाएगी और किसान सम्मान निधि को ₹6,000 से बढ़ाकर ₹9,000 करने का कार्य भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। पारदर्शी तरीके से, बिना खर्ची और बिना पर्ची के हर वर्ष 1 लाख युवाओं को नौकरी देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करेगी। बंद पड़ी हुई जूट मिलों को फिर से चालू किया जाएगा। माताओं-बहनों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की व्यवस्था की जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार ने घोटाले करने में कुछ भी बाकी नहीं रखा है। ममता बनर्जी ने 'कैश फॉर क्वेरी' घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटाला, एसएससी घोटाला, नगरपालिका भर्ती घोटाला, गाय तस्करी का घोटाला, राशन का घोटाला, मनरेगा का घोटाला और पीएम आवास का घोटाला किया। त्रिपुरा और असम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और बंगाल में भी भाजपा सरकार बनने जा रही है। जैसे ही बंगाल में भाजपा सरकार बनेगी, बाड़ के लिए जो भूमि ममता बनर्जी द्वारा नहीं दी जा रही है, उसे 45 दिनों के भीतर भाजपा का मुख्यमंत्री बीएसएफ को उपलब्ध कराएगा। देश की सरहद को इस प्रकार सुरक्षित किया जाएगा कि इंसान तो छोड़िए, परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। आपदा राहत के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पैसे भेजे, जिसे ममता बनर्जी के गुंडे खा गए हैं। ममता बनर्जी के गुंडों ने जो गरीबों का पैसा खाया है, उसकी एक-एक पाई उनसे वापस लाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों के लिए पक्का मकान भेजा, राशन भेजा, ये गुंडे खा रहे हैं। जिंदल स्टील के प्रोजेक्ट का वादा किया गया था, लेकिन यह प्रोजेक्ट केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही पूरा कर सकते हैं। सालबनी की नदियों में से बालू निकाल लिया जाता है और कहा कि आप भाजपा सरकार बना दो, एक कंकड़ भी चुराने नहीं देंगे। बंगाल में लोगों को सिंडिकेट परेशान कर रहा है और ममता बनर्जी के गुंडों का त्रास है। चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और सभी गुंडे कान खोलकर सुन लें कि 5 तारीख के बाद यदि बंगाल के किसी भी नागरिक को परेशान किया गया, तो उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बंगाल के लोगों को 23 तारीख को डरना नहीं है, टीएमसी के गुंडे भी यदि अपनी खैर चाहते हैं तो 23 तारीख को पहाड़ के लोगों को हाथ न लगाएं, अन्यथा 4 तारीख के बाद उन्हें जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ेगा। ममता बनर्जी यह अफवाह फैला रही हैं कि वर्तमान में चल रही जनकल्याण की योजनाओं को भारतीय जनता पार्टी बंद कर देगी, लेकिन हम स्पष्ट करते हैं कि एक भी जनकल्याण योजना बंद नहीं होगी, बल्कि इन सभी योजनाओं को लागू करने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी।

श्री शाह ने कहा कि खुदीराम बोस सबसे कम आयु के शहीद हैं। बंगाल सरकार अपनी किताबों में खुदीराम बोस को आतंकवादी बताती है। ऐसे महान आज़ादी के सिपाही को

आतंकवादी बताने वाली सरकार बंगाल मे नहीं रहनी चाहिए। आपको इस सरकार को बदलना है। अयोध्या में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर बनाया। 550 साल से राम मंदिर नहीं बनने दिया गया था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2019 में राम मंदिर बनाया और जहाँ बाबरी मस्जिद थी, वहीं राम मंदिर बना। ममता बनर्जी अपने चेले हुमायूँ कबीर से बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाना चाहती हैं। यह बंगाल भारत में है और यहाँ पर बाबरी मस्जिद नहीं बनाने दिया जाएगा। ममता बनर्जी ने बंगाल के युवाओं की चिंता नहीं की और उन्हें केवल एक ही बंगाल के युवा, भाईपो की चिंता है। चुनाव के बाद वे अपनी जगह भाईपो को बैठाने वाली हैं। ममता बनर्जी का यह सपना पूरा नहीं होगा और भाईपो कभी मुख्यमंत्री नहीं बन पाएगा। ममता बनर्जी यह झूठ फैलाती हैं कि बंगाल में बाहर का मुख्यमंत्री आएगा, जबकि भाजपा से बंगाल का मुख्यमंत्री वही बनेगा जो बंगाल में पैदा हुआ हो, बंगाली में पढ़ा हुआ हो और बंगाली बोलने वाला होगा। यह चुनाव भाजपा के किसी कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि पूरे बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करने का चुनाव है। चुनाव आयोग ने सीएपीएफ की व्यवस्था की है और ममता बनर्जी के गुंडे ध्यान से सुन लें, 23 तारीख को मतदान में जरा भी खलल डाला या घर के बाहर निकलकर बाधा उत्पन्न की, तो 4 तारीख के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। गोरखा भाइयों पर सैकड़ों और हजारों गलत मामले दर्ज किए गए हैं। 4 मई को परिणाम आएंगे, 5 मई को सरकार बनेगी और 31 जुलाई से पहले गोरखा भाइयों पर दर्ज सभी मामलों को बंगाल सरकार वापस ले लेगी। इन मामलों के माध्यम से गोरखा आंदोलन को दबाने का प्रयास किया गया है, लेकिन भाजपा सरकार इन सभी मामलों को वापस लेगी और ऐसा समाधान लाएगी जिससे आंदोलन की आवश्यकता न पड़े। श्री अमित शाह ने लोगों से पहाड़ की तीनों सीटों और पूरे बंगाल में कमल के निशान पर बटन दबाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बंगाल में कमल फूल की सरकार बनाने की अपील की।

***************